




# विधायक क्षेत्र विकास निधि से निर्मित स्वागत द्वार का स्तंभ हुआ क्षतिग्रस्त

- बदलाव या सुधार की जरूरत
- अप्रिय घटना होने की बनी आशंका



**पानसेमल, ( नवभारत )।** सेंधवा-खेतिया स्टेट हाईवे निवाली रोड़ पर चिखलदा फाटे के पहले बने स्वागत द्वार का एक स्तंभ क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह स्वागत द्वार क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे की क्षेत्र विकास निधि से बनाया गया है। जो 2024-2025 से निर्मित हुआ है। स्वागत द्वार का एक तरफ का स्तंभ किसी वाहन की टक्कर क्षतिग्रस्त होना प्रतीत होता है। जिसकी जांच कर आवश्यक सुधार कराना चाहिए। इस मार्ग पर निरंतर वाहनों की आवाजाही रहती है। यह मार्ग मध्यप्रदेश को महाराष्ट्र और गुजरात से जोड़ता है। वहीं आसपास के ग्रामीण भी यही से गुजरते हैं।

### जिम्मेदारों द्वारा कराया जाना चाहिए सुधार

सुधार नहीं होने से किसी अप्रिय हादसे की आशंका को टाला नहीं जा सकता है। राहगीरों ने बताया कि संबंधित जिम्मेदारों द्वारा इसका सुधार कराया जाना चाहिए।

# भोपाल व बड़वानी के बीच झूल रही सौगातों की फाइल




**बड़वानी, ( नवभारत )।** बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिले के 107 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी और 936 विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलना है, लेकिन फिलहाल इनाम सिर्फ कागजों में है। शिक्षा विभाग ने पात्र विद्यार्थियों का डाटा भोपाल भेज दिया है, लेकिन राशि कब आएगी और लाभ कब मिलेगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

यही हाल यूनिफार्म और साइकिल योजना का भी है। नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है, जिले में 1 से 8वीं तक 174822 विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस मिलना है फिर भी हजारों बच्चे पुरानी यूनिफार्म या सामान्य कपड़ों में स्कूल पहुंच रहे हैं, जबकि सैकड़ों विद्यार्थी अब भी साइकिल मिलने का इंतजार कर रहे हैं। शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की यह सुस्त रफ्तार विद्यार्थियों व अभिभावकों की चिंता बढ़ाने लगी है। 12वीं बोर्ड परीक्षा के बाद विद्यार्थी कॉलेजों में प्रवेश भी ले चुके हैं, लेकिन सरकार की छात्र हितैषी योजनाएं अब भी फाइलों में अटकी हुई हैं। इसका लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शासन ने प्रारंभिक जानकारी मांगी थी, जिसे भेज दिया है। अब राशि जारी होने और वितरण की तारीख शासन स्तर पर तय होगी। पिछले वर्ष भी विद्यार्थियों को इन योजनाओं का लाभ मिलने में 5 से 6 महीने लग गए थे। उस समय छात्रों ने प्रदर्शन भी किया था, जिसके बाद भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ी थी।

इस वर्ष जिले में 936 विद्यार्थियों को लैपटॉप योजना का लाभ मिलेगा। पिछले वर्ष यह संख्या 595 थी। वहीं स्कूटी योजना के तहत 107 मेधावी छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। जिले में करीब 3 करोड़ 62 लाख 40 हजार की राशि विद्यार्थियों तक पहुंचनी है।

साइकिल वितरण योजना की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। साइकिल वितरण प्रभारी चुन्नीलाल चौहान के अनुसार जिले में योजना के पात्र विद्यार्थी की जानकारी स्कूलों से एकत्रित की जा रही है। जिस वजह से विद्यार्थियों को अभी तक लाभ नहीं मिला है, पात्र विद्यार्थी अब भी साइकिल का इंतजार कर रहे हैं। सरकार प्रति साइकिल करीब 4500 रुपए खर्च करती है। जिले में साइकिल योजना पर लगभग कितना बजट खर्च होगा यह जानकारी नहीं है।

### साइकिल वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं

जिले में मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में 107 स्कूटी और 936 लैपटॉप के लिए छात्र-छात्राओं का चयन पात्र होने से हुआ हैं। जिले में साइकिल वितरण योजना अंतर्गत सभी शाला प्राचार्यों को एजुकेशन पोर्टल पर विद्यार्थियों को पात्र कर साइकिल वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**ज्योति पटेल जिला शिक्षा अधिकारी बड़वानी**

# हत्या के प्रयास के तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार



**बड़वानी, ( नवभारत )।** ऑपरेशन हवालात के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 3 इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी पर एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने 5000 रूपए के इनाम की घोषणा की थी।

पुलिस के अनुसार बीती 7 जुलाई को सेगांव फाटे के पास आरोपियों द्वारा की जा रही गाली-गलौज का विरोध करने पर प्रदीप नामक युवक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

घटनास्थल के आसपास ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस आरोपियों की पहचान करने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू उर्फ बा, विरू उर्फ भूरा और कुंदन वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और रॉड जब्त कर तीनों को न्यायालय के आदेश पर सेंट्रल जेल भेज दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को अभ्यावेदन पर विचार करने की दी छूट



**सेंधवा, ( नवभारत )।** सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता बीएल जैन ने पोर्नोग्राफी, विशेष रूप से नाबालिगों द्वारा पोर्न वीडियो देखने पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना बनाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के विकासशील मस्तिष्क पर पोर्नोग्राफी का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इस विषय पर केंद्र सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई थी।

सोमवार को हुई सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची एवं जस्टिस वी मोहना की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाया गया विषय निस्संदेह सार्वजनिक महत्व का है। हालांकि यह ऐसा कानूनी प्रश्न नहीं है, जिस पर न्यायालय को निर्णय देना हो। पीठ ने कहा कि यह विषय तकनीकी विकास के उपयोग से जुड़ी नीति का मामला है, जो मुख्य रूप से सूचना और प्रसारण मंत्रालय सहित संबंधित विशेषज्ञों और अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त किए बिना याचिकाकर्ता को संबंधित अधिकारियों के समक्ष याचिका की प्रति और अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने लिखित आदेश में संबंधित अधिकारियों से याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों और दिए गए सुझावों पर विचार करने का आग्रह किया। न्यायालय ने यह भी कहा कि उसे विश्वास है कि अधिकारी इन सुझावों पर उचित विचार करेंगे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने न्यायालय के समक्ष विभिन्न देशों में चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर लगाए गए प्रतिबंध, भारत में उपलब्धता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार को उपलब्ध शक्तियों के उपयोग का मुद्दा उठाया।

याचिका में पोर्नोग्राफी के दुष्प्रभाव, डिजिटल माध्यमों तक बढ़ती पहुंच तथा नाबालिगों पर इसके प्रभाव से संबंधित विभिन्न बिंदु भी प्रस्तुत किए गए। याचिकाकर्ता बीएल जैन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह न्यायालय के निर्देशानुसार केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करेंगे।

# मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव ने किया निरीक्षण

**बड़वानी।** मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने नगर पालिका परिषद द्वारा अस्पताल चौक स्थित धनवंतरी धर्मशाला में संचालित दीनदयाल रसोई केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सिंह ने भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता, स्वच्छता और लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी लेकर निर्देश भी दिए। श्री सिंह ने कहा भोजन स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसडीएम भूपेंद्र रावत, सिटी मिशन मेनेजर अमित सिंह गांधी, लायंस क्लब से सचिन शर्मा उपस्थित रहे।

# 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान का आलीराजपुर से शुभारंभ, जागरूकता वाहन को हरी झंडी




**आलीराजपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश और पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को ष्ठ.द्ब.श्व.ञ्ज. कॉलेज आलीराजपुर से 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योति उमठ बघेल, ष्ठ.द्ब.श्व.ञ्ज. प्रशिक्षण प्रभारी श्री के.सी. सिसोदिया, एसडीओपी आलीराजपुर डॉ. शक्ति सिंह चौहान, एसडीओपी जोबट श्री आशुतोष पटेल और एसडीओपी महिला सेल श्री त्रिलोकचंद पवार सहित जिले के सभी थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों और जनशिक्षकों को नशे के स्वास्थ्य और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज में नशा उन्मूलन का संदेश फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेगा। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जिले भर में रैलियां, संगोष्ठियां, स्कूल-कॉलेजों में संवाद और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण करना है।

# अपराध समीक्षा बैठक में ई-टैबलेट वितरित

- लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश




**आलीराजपुर।** जिले में अपराध नियंत्रण और विवेचना की गुणवत्ता सुधारने के लिए पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने मंगलवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले भर के राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण, आधुनिक तकनीक के उपयोग और वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की शुरुआत पुलिस मुख्यालय भोपाल से हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों के सम्मान के साथ हुई। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल ने निरीक्षक गोपाल परमार और रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा को उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इसी तरह उप निरीक्षक अजय वास्कले और सूबेदार अर्जुन वास्कले को निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर सम्मानित किया गया।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए 177 ई-विवेचना टैबलेट का वितरण रहा। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुसंधान अधिकारियों को टैबलेट सौंपे।

अधिकारियों ने बताया कि अब अनुसंधान अधिकारी घटनास्थल पर ही फोटो, वीडियो, गवाहों के बयान, पंचनामा और जब्ती की रियल-टाइम डिजिटल एंट्री कर सकेंगे। इससे विवेचना प्रक्रिया तेज होगी, कागज और समय की बचत होगी, और आईसीजेएस के विभिन्न प्लेटफॉर्म तक जानकारी तुरंत पहुंच सकेगी। न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए डिजिटल साक्ष्यों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

बैठक में लंबित अपराध, चालान, मर्ग, समन और वारंट की तामील, गुमशुदगी, शिकायतें, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण, महिला संबंधी अपराध और एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों की थाना-वार समीक्षा की गई। जिन मामलों में अड़चन आ रही थी, वहां वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर मार्गदर्शन दिया।

### समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ कार्यालय से मिले निर्देशों का अक्षरश: पालन हो। अपराध नियंत्रण, विवेचना और न्यायालयीन कार्यवाही में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में प्रधानमंत्री राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने और योजना के प्रचार-प्रसार के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में एसडीओपी अलीराजपुर-जोबट शक्तिसिंह चौहान, एसडीओपी आशुतोष, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा त्रिलोकसिंह पंवार, उप पुलिस अधीक्षक इनोद रंधावा, उप पुलिस अधीक्षक गोपाल परमार सहित जिले के सभी थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर में

### सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोन होंगे अधिक पतले

**इंदौर.** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसीडेंट एवं सीईओ टीएम रोह ने कहा है कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत होता जा रहा है, डिवाइस का डिजाइन और उपयोग का अनुभव पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा. गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले जारी अपने वक्तव्य में रोह ने कहा, जब एआई एक साथ कई कामों में हमारी मदद करता है, तब ऐसी स्क्रीन, जिसे मोड़ा और खोला जा सके, उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है. यही फोल्डेबल स्मार्टफोन की सबसे बड़ी खासियत है. इन्हें मोड़कर आसानी से जेब या हाथ में रखा जा सकता है और खोलने पर बड़ी स्क्रीन का अनुभव मिलता है. इसी दिशा में सैमसंग लगातार अपने फोल्डेबल डिवाइसों को अधिक पतला, हल्का, मजबूत और बेहतर बना रहा है. उन्होंने कहा कि एआई का अगला दौर केवल सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के अनुसार उनकी मदद करने वाला डिजिटल सहायक बनेगा. हालांकि अंतिम निर्णय हमेशा उपयोगकर्ता का ही रहेगा.

### बर्गंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 की पांचवीं सूची जारी

**इंदौर.** एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग व्यवसाय, बर्गंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने आज भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का पांचवां संस्करण, 2025 बर्गंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 जारी किया. इन कंपनियों का सामूहिक मूल्य 3.4 ट्रिलियन डॉलर है, जो एक ऐसे कॉर्पोरेट परिदृश्य को दर्शाता है जहाँ बड़े पैमाने के विकास के साथ-साथ व्यापक उद्यमिता, मजबूत बुनियादी आधार और पारंपरिक विकास केंद्रों से परे एक व्यापक उपस्थिति देखने को मिल रही है. इस रिपोर्ट के लॉन्च पर एक्सिस बैंक की ग्रुप हेड- कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने कहा भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सफलता का जश्न मनाते हुए,

# दिशा बैठक में सांसद अनीता चौहान ने कहा - विभागीय कार्ययोजना बनाकर विकास को दें गति




**झाबुआ-रतलाम लोकसभा क्षेत्र की सांसद अनीता चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक आयोजित हुई।** बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, कलेक्टर नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जिला अध्यक्ष मकू परवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में सांसद चौहान ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। बैठक के समापन पर सांसद चौहान ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी कार्ययोजना बनाकर जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए जिले के विकास कार्यों को गति दें।..

### किसानों को जागरूक किया जाए

सांसद ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था को लेकर गांव-गांव में किसानों को जागरूक किया जाए। खाद केंद्रों के पास कियोस्क सेंटर बनाए जाएं ताकि किसानों को टोकन लेने में दिक्कत न हो।विद्युत विभाग को नवीन ग्रिड निर्माण शीघ्र पूरा करने और धरती आबा अभियान के तहत बिना बिजली वाले गांवों में प्राथमिकता से विद्युतीकरण करने को कहा। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को जीर्ण-शीर्ण आंगनवाड़ी भवनों की सूची बनाने और कार्यकर्ताओं के दावा-आपत्ति प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। धरती आबा अभियान के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में पूरे करने को कहा।

### जोमैटो के सहयोग से टिंकूज के सालाना ऑर्डर में वृद्धि

**इंदौर.** इंदौर के मशहूर, प्रामाणिक और आधुनिक कैफे ब्रांड, टिंकूज़ ने जोमैटो से जुड़ने के बाद से अपने सालाना ऑर्डर में लगभग 2.6 गुना की शानदार वृद्धि दर्ज की है. 1997 में हेमंत कौल द्वारा शुरू किए गए इस ब्रांड ने ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन परोसने के स्पष्ट लक्ष्य और उनकी पसंद की गहरी समझ के साथ एक लंबा सफर तय किया है. आज शहर में इस ब्रांड के 10 आउटलेट्स हैं और यह अपने खास सैंडविच, कॉफी और कस्टमर-फर्स्ट सोच के लिए जाना जाता है. इस सफर के बारे में बात करते हुए टिंकूज़ के संस्थापक हेमंत कौल ने कहा हमारा लक्ष्य एक ऐसा ब्रांड बनाना था जो ग्राहकों के बदलते स्वाद को समझे और उन्हें हमारे सैंडविच व कॉफी के ज़रिए एक बेहतरीन और ताज़ा स्वाद दे सके. ग्राहकों के बीच ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग के बढ़ते चलन के साथ, जोमैटो के सहयोग से हम अपने फिजिकल आउटलेट्स से बाहर भी अधिक लोगों तक पहुंचने में सफल रहे. जोमैटो के सीईओ आदित्य मंगला ने कहा टिंकूज़ जैसे रेस्तरां को अपनी मूल पहचान बनाए रखते हुए इतनी शानदार ग्रोथ करते देखना हमेशा उत्साहजनक होता है.




# बाल यौन शोषण से संरक्षण और महिला अधिकारों पर विधिक जागरूकता शिविर

**आलीराजपुर।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर जनपद पंचायत भवन चन्द्रशेखर आजाद नगर में विधिक जागरूकता शिविर लगाया।**

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट, यौन शोषण और तस्करी से बचाव के उपाय बताए। जिला विधिक सहायता अधिकारी और असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध, शिक्षा का अधिकार, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, महिलाओं के संपत्ति अधिकार और साइबर सुरक्षा पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### 21 जुलाई को 'स्टार्टअप इंडिया' के तहत एक दिवसीय कार्यशाला

**आलीराजपुर..** युवाओं को स्वरोजगार और नवाचार से जोड़ने के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 21 जुलाई 2026 को क्रांतिकारी शहीद छीतूसिंह किराड़ महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में सुबह 10:30 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।